colleague who is sitting just in front of me, the Minister of Steel, Mines and Fuel.

'विश्व भारती'

*१९८. श्री नवल प्रभाकर : क्या शिक्षा तथा वैज्ञानिक गवेषणा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार विश्व-भारती नामक एक विश्व-कोष प्रकाशित करना चाहती है ; और

(ख) यदि हां, तो उस योजना का विवरण क्या है ?

शिक्षा तथा वैज्ञानिक गवेषणा मंत्रालय में राज्य मंत्री (डा० का० ला० श्रीमाली): (क) जी, नहीं ।

(ख) प्रश्न उत्पन्न नहीं होता ।

श्री नवल प्रभाकर : क्या विश्व-कोष प्रकाशित करने के विषय में सरकार के पास कोई प्रस्ताव आया है ?

डा० का० ला० श्रीमाली : गवर्नमेंट के पास एक प्रस्ताव आया है, जिस पर विचार किया जा रहा है ।

श्री नवल प्रभाकर : साधारण ज्ञान वाले व्यक्तियों के लिये "ज्ञान सरोवर" नामक विश्व-कोष का पहला भाग प्रकाशित हो गया है, दूसरे भाग के सम्बन्ध में क्या स्थिति है ?

डा० का० ला० श्रीमाली : दूसरा भाग तैयार हो रहा है और वह शीघ्र ही प्रकाशित होगा । जहां तक विश्व भारती का प्रश्न है उस पर विचार किया जा रहा है ।

सैनिक कालेज देहरादून

*१९९. **श्री भक्त दर्शन :** क्या प्रतिरक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि देहरादून के सैनिक कालेज को किसी दूसरे स्थान पर ले जाने के प्रश्न पर विचार किया जा रहा है ; और

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ?

प्रतिरक्षा उपमंत्री (सरदार मजीठिया): (क) तथा (ख). सैनिक कालेज के भविष्य के स्थान के बारे में अभी तक कोई अन्तिम निर्णय नहीं किया गया । जब इस मामले पर विचार किया जायेगा इससे सम्बन्ध रखने वाली सभी बातों को ध्यान में रखा जायेगा ।

Some Hon. Members: Let us hear the answer in English.

Mr. Speaker: The hon. Minister will kindly read the answer in English, also.

Sardar Majithia: (a) and (b). No final decision regarding the future location of the Military College has yet been taken. When this matter is examined, all relevant factors will be taken into consideration.

श्री भक्त दर्शन : क्या गवर्नमेंट को देहरादून के सभी दलों और जनता की ओर से इस आशय के स्मृति पत्र मिले हैं कि किसी भी हालत में इस कालेज को वहां से न हटाया जाय ?

Sardar Majithia: It is hardly relevant to this because the proposal is in the best interests of the Army.

श्री भक्त दर्शन : भारत के वे कौन कौन से स्थान हैं जहां इस विद्यालय को ले जाने के बारे में विचार किया जा रहा है ?

Sardar Majithia: I could not give an answer to that question at the moment because the question is still being considered; but I can say this much that for the next quite a few years the possibility is that the college will still be there.